पंजाब केसरी 15/11/2024

आत्मअनुशासन एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का सबसे अच्छा साधन है सैल्फ ग्रूमिंग

जी.एम.एन कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग, प्रबंधन विभाग, लोक प्रशासन विभाग एवं सी.आर.सी. यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में सैल्फ ग्रूमिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सैल्फ ग्रूमिंग कार्यक्रम में भाग लेते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि सैल्फ ग्रूमिंग आत्मअनुशासन एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का सबसे अच्छा साधन है और इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। आज के इस प्रतिस्पर्धा से भरे युग में निपुण होने के साथ-साथ अच्छा दिखना भी नितांत आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष प्रो श्याम रहेजा एवं डीन डा. प्रबलीन कौर ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि कॉर्पोरेट जगत में व्यक्तित्व विकास से न केवल एक विशेष पहचान बनती है, बल्कि तरक्की में भी मदद मिलती है। एम.बी.ए. की विभागाध्यक्ष एवं सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कृष्ण कुमार पुनिया के दिशा निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में प्रो. कमलप्रीत कौर, डा. गीता कौशिक, प्रो. योगिता, प्रो. जसमिता एवं प्रो. रितिका विशेष रूप से उपस्थित रहीं।